# U.P. HIGHER JUDICIAL SERVICE (MAIN) 2018
## (Part III)
**Law-III (Penal, Revenue and Local Laws) / विधि-III (दण्ड, राजस्व एवं स्थानीय विधियाँ)**

**Time – 3 Hours** **Markes - 200**

1. Answer the following:
निम्नलिखित के उत्तर लिखिए :

(a) By a notice, the High Court calls upon 'X' to appear before the Court. 'X' hide himself from service of notice and also intentionally prevents the process server from lawful affixing of such notice at a conspicuous place. What offence under Indian Penal Code, 1860 has been committed by 'X'?
उच्च न्यायालय नोटिस द्वारा 'X' को न्यायालय के समक्ष उपसंजात होने के लिए बुलाता है। 'X' नोटिस की तामीली से स्वय को छिपाता है और ऐसे नोटिस को किसी सहजदृश्य स्थान पर विधिपूर्वक लगाने से आदेशिका तामीलकर्ता को आशयपूर्व रोकता भी है। 'X' द्वारा भारतीय दण्ड सहिता, 1860 के अन्तर्गत क्या अपराध कारित किया गया है?
[5]

(b) 'A', a middle aged man, had affair with a married lady 'B' living in his neighbourhood. 'A' threatens 'B' to publish their intimate photographs unless 'B' gives him Rs. 5 lacs. What offence under Indian Penal Code, 1860 has been committed by 'A' ?
अधेड़ उम्र के 'ए' का अपने पड़ोस में रहने वाली एक विवाहित महिला 'बी' से प्रेम संबंध था। 'ए' ने 'बी' को धमकी दी कि अगर वह उसे 5 लाख रुपये नहीं देगी तो वह उनकी अंतरंग तस्वीरें प्रकाशित कर देगा। भारतीय दंड संहिता, 1860 के तहत 'ए' ने कौन सा अपराध किया है?
[5]

(c) 'A' is an Owner-cum-Manager of a hotel situated at the bank of a lake. The sewerage of the hotel is having opening in the lake and that corrupts the water of the lake. In result, the water become less fit for the purpose for which it is ordinarily used. What offence under Indian Penal Code, 1860 has been committed by 'A' ?
'A' किसी झील के तट पर स्थित एक होटल का स्वामी-सह-प्रबन्धक है। इस होटल की नाली झील में खुलती है और वह झील के पानी को दूषित करती है। परिणामस्वरूप वह पानी उस प्रयोजन के लिए कम उपयुक्त हो जाता है जिसके लिए सामान्यतः उसका उपयोग किया जाता है। 'A' द्वारा भारतीय दण्ड संहिता, 1860 के अन्तर्गत क्या अपराध किया गया है?
[5]

(d) 'A' makes an attempt to steal some utensils by breaking open the almirah placed in a store of a hotel. On opening the almirah, he finds that there are no utensils. What offence 'A' has committed and for what he is guilty under the Indian Penal Code, 1860 ?
'A' एक होटल के स्टोर में रखी आलमारी को तोडकर खोलता है और उसमें से कुछ बर्तन चुराने का प्रयत्न करता है। आलमारी खोलने पर उसे ज्ञात होता है कि उसमें कोई बर्तन नही है। भारतीय दण्ड संहिता. 1860 के अन्तर्गत 'A' ने कौन सा अपराध कारित किया है और वह किसके लिए दोषी है?
[5]

2. (a) Distinguish between culpable homicide and causing death by rash or negligent act.
अपराधिक मानव बध एवं उपेक्षा द्वारा मृत्यु कारित करने के मध्य अन्तर कीजिये।
[10]

(b) 'A' promises to 'B', his student, who is 17 years of age to marry her and induces her to cohabit with him. He has given her false assurance of marriage and also fraudulently gone through certain ceremonies of marriage making 'B' to believe that she was a lawfully wedded wife of 'A'. Later 'A' refused to recognise her as his wife. What offence is committed by 'A' and why ? Give reasons for your answer.
'A' अपनी 17 वर्षीय विद्यार्थी 'B' से विवाह करने का बादा करता है और उसे अपने साथ सहवास करने के लिए उत्प्रेरित करता है। उसने उसे विवाह का मिथ्या आश्वासन दिया है और 'B' को यह विश्वास दिलाने के लिए विवाह के कुछ संस्कार भी कपटपूर्वक करता है कि वह 'A' की विधिवत रूप से विवाहित पत्नी थी। बाद में, 'A' ने उसे अपनी पत्नी के रूप में मानने से इंकार कर दिया। 'A' द्वारा कौन सा अपराध कारित किया जाता है और क्यों ? अपने उत्तर के लिए कारण दीजिये।
[10]

(c) An army Jawan 'X' who was away from his home for the last two years requested his senior 'Y' for leave, which 'Y' refused. Annoyed at this, 'X' fired two shots at 'Y', one shot hitting 'Y' beneath the knee of the right leg as a result of which he fell down. 'X' fired another shot which hit 'Y' at the upper left arm. 'Y' died after ten days. Discuss the liability of 'X'
'X', एक सैनिक, जो विगत दो वर्षो से अपने घर से दूर था, अपने वरिष्ठ 'Y' से छुट्टी के लिए प्रार्थना किया जिसे 'Y' ने इंकार कर दिया। इस पर खिन्न होकर, 'X' ने 'Y" पर दो गोलियॉ चलाई, एक गोली 'Y' के दायें पैर के घुटने के नीचे लगी जिसके परिणामस्वरूप वह जमीन पर गिर गया। 'X' ने दूसरी गोली चलाई जो 'Y' के ऊपरी बायीं बॉह में लगी। दस दिन बाद 'Y' की मृत्यु हो गयी। 'X' के दायित्व की विवेचना कीजिये।
[10]


Scan this QR Code to Linking Laws BIOs
www.LinkingLaws.com
Linking Laws Tansukh Sir
Get Subscription Now
Linking Laws is a Professional Institute provide AI based Smart Preparation for Judicial Service Exams & other Law Related Exam in India (UP PCS(J), RJS, MPCJ, CG PCS(J), DJS, BJS, APO, ADPO, JLO, APP etc.)

3. (a) What are the penal provisions contained in U.P. Urban Planning and Development Act, 1973 ? What is the manner and procedure for compounding the offences under the U.P. Urban Planning and Development Act, 1973 ? Answer referring to relevant statutory provisions.
उत्तर प्रदेश नगर नियोजन और विकास अधिनियम, 1973 में अन्तर्विष्ट दण्ड उपबंध क्या हैं ? उत्तर प्रदेश नगर नियोजन और विकास अधिनियम, 1973 के अन्तर्गत अपराधों के शमन की रीति और प्रक्रिया क्या है? सुसंगत विधिक उपबंधों को संदर्भित करते हुए उत्तर दीजिये।
[10]

(b) Discuss the statutory provisions of U.P. Urban Planning and Development Act, 1973 under which the State Government exercises its control over a Development Authority.
उत्तर प्रदेश नगर नियोजन और विकास अधिनियम, 1973 के उन विधिक उपबंधों की विवेचना कीजिए जिसके अन्तर्गत राज्य सरकार किसी विकास प्राधिकरण पर अपना नियन्त्रण रखती है।
[10]

4. What are the factors to be kept in mind by the Prescribed Authority while passing an order for recounting of votes, in proceedings under Section 12- C (1) of the U.P. Panchayat Raj Act, 1947, challenging the Election of Gram Pradhan ?
ग्राम प्रधान के चुनाव पर आपत्ति पर, उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम, 1947 की धारा 12-C (1) के अन्तर्गत कार्यवाही में, मतों की पुनर्गणना करने का आदेश पारित करते समय, विहित प्राधिकारी द्वारा किन बातों को ध्यान में रखा जाता हैं?
[15]

5. Discuss the pending proceedings under Section 95(1)(g) of U.P. Panchayat Raj Act, 1947, term of Pradhan expires. Whether the proceeding can be concluded or dropped ? If dropped, how the loss, waste or misapplication of money or property of the Gaon Sabha can be determined and recovered ?
उत्तर प्रदेश पचायत राज अधिनियम, 1947 की धारा 95(1)(g) के अन्तर्गत कार्यवाहियाँ लम्बित रहते हुए प्रधान का कार्यकाल समाप्त हो जाता है, विवेचना कीजिए। क्या इस कार्यवाही को पूर्ण या बन्द किया जा सकता है ? यदि इसे बन्द किया जाता है, तो गाँव सभा के धन या सम्पत्ति की हानि, दुर्व्यय या दुरूपयोजन का निर्धारण एवं बसूली कैसे की जा सकती है ?
[15]

6. A suit for declaration of bhumidhari rights is filed before the Revenue Court on 01.09.2015, in which an injunction order is also passed to the effect that the status quo as regards possession be maintained by the parties and the property be neither alienated nor its nature be changed in any manner. On 10.09.2016, a notification is issued under Section 4(2)(a) of the U.P Consolidation of Holdings Act, 1953 declaring the village, in which the land in question situates, for being brought under Consolidation operations The defendant in the declaratory suit, in another proceedings pending before the Civil Court for permanent injunction, wherein he is the plaintiff, takes a plea in respect of the same land that on issuance of the notification under Section 4(2) of the Act, 1953, the proceedings in the declaratory suit stood automatically abated.
Discuss as to whether the plea taken by the defendant before the Civil Court is tenable in view of the provisions contained in Section 5(2) of the U.P. Consolidation of Holdings Act, 1953.
भूमिधरी अधिकारों के प्राख्यापन हेतु एक वाद 01.09.2015 को राजस्व न्यायालय के समक्ष दाखिल किया जाता है, जिसमें इस आशय का एक व्यादेश भी पारित किया जाता है कि पक्षकारों द्वारा कब्जे के सम्बन्ध में पूर्व यथास्थिति बनाये रखी जाये और न तो सम्पत्ति का अन्यसक्रामण किया जाये और न ही किसी भी ढंग से इसकी प्रकृति को बदला जाये। 10.09 2016 को उत्तर प्रदेश जोत चकबन्दी अधिनियम, 1953 की धारा 4(2)(a) के अन्तर्गत उस गाँव, जिसमें प्रश्नगत भूमि स्थित है, चकबन्दी क्रियाओं के अधीन होने का प्राख्यापन करने वाली एक अधिसूचना जारी की जाती है। घोषणात्मक बाद में प्रतिवादी, स्थायी व्यादेश के लिए सिविल न्यायालय के समक्ष लम्बित अन्य कार्यवाही, जिसमें वह वादी है, में उसी भूमि के सम्बन्ध में अभिकथन करता है कि इस अधिनियम, 1953 की धारा 4(2) के अन्तर्गत अधिसूचना जारी होने पर उद्घोषणा वाद मे कार्यवाहियो का रतः उपशमन हो जाएगा।
विवेचना कीजिए कि क्या सिविल न्यायालय के समक्ष प्रतिवादी द्वारा किये गये अभिकथन उत्तर प्रदेश जोत चकबन्दी अधिनियम, 1953 की धारा 5(2) में अन्तविष्ट उपबन्धों के आलोक में मान्य है।
[15]

7. Discuss in detail the procedure for removal of President of a Municipality by ' a motion of no confidence. Support your answer by case law.
किसी नगरपालिका के अध्यक्ष को अविश्वास प्रस्ताव द्वारा हटाये जाने की प्रक्रिया की विस्तार से विवेचना कीजिए। अपने उत्तर को निर्णित विधि द्वारा समर्थित कीजिए।
[15]

8. Write short notes on :
निम्न पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए:
(a) Power of State Government governed under Section 41 of the U.P. Urban Planning and Development Act, 1973.
उत्तर प्रदेश नगर नियोजन और विकास अधिनियम, 1973 की धारा 41 के अन्तर्गत शासित राज्य सरकार की शक्ति।



Scan this QR Code to Linking Laws BIOs
www.LinkingLaws.com
Linking Laws Tansukh Sir
Get Subscription Now
Linking Laws is a Professional Institute provide AI based Smart Preparation for Judicial Service Exams & other Law Related Exam in India
(UP PCS(J), RJS, MPCJ, CG PCS(J), DJS, BJS, APO, ADPO, JLO, APP etc.)

[10]

(b) Powers of District Magistrate to increase rent under Uttar Pradesh Act No. 13, 1972.
उत्तर प्रदेश अधिनियम सं0 13. 1972 के अन्तर्गत किराये में वृद्धि करने के लिए जिलाधिकारी की शक्तियाँ।

[10]

(c) What are the kinds of plans contemplated under the U.P. Urban Planning and Development Act, 1973 ?
उत्तर प्रदेश नगर नियोजन और विकास अधिनियम, 1973 के अन्तर्गत बनाये जाने वाली योजनाओं के प्रकार क्या है ?

[10]

(d) What buildings are exempted from applicability of U.P. Act No. 13 of 1972 ?
उत्तर प्रदेश अधिनियम सं0 13, 1972 के लागू होने से कौन से भवन विमुक्त है?

[10]

(e) Explain the procedure for eviction of an unauthorized occupant from the Gaon Sabha land.
गाँव सभा भूमि से किसी अनाधिकृत कब्जाधारी की बेदखली के लिए प्रक्रिया को स्पष्ट कीजिए।

[10]

9. What would be the relevant factors for the District Magistrate to consider while determining standard rent under Section 9 of the U.P. Act No. 13 of 1972 and whether such an order is appealable, and if so, then discuss the powers of the appellate authority in this regard.
उत्तर प्रदेश अधिनियम स0 13. 1972 की धारा 9 के अन्तर्गत मानक किराया अवधारित करते समय विचार करने हेतु जिला मजिस्ट्रेट के लिए सुसगत बातें क्या होंगी और क्या ऐसा कोई आदेश अपील करने योग्य है, यदि ऐसा है, तब इस सम्बन्ध में अपीलीय प्राधिकारी की शक्तियों की विवेचना कीजिए।

[10]

10. In order to file an appeal under Section 161 of the U.P. Municipalities Act, 1916 what are the pre-requisites to be complied with in order to make an appeal competent.
उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम, 1916 की धारा 161 के अन्तर्गत कोई अपील दाखिल करने के लिए, अपील को सक्षम बनाने हेतु अनुपालन की जाने वाली पूर्व शर्ते क्या है?

[10]



Scan this QR Code to Linking Laws BIOs
www.LinkingLaws.com
Linking Laws Tansukh Sir
Get Subscription Now
Linking Laws is a Professional Institute provide AI based Smart Preparation for Judicial Service Exams & other Law Related Exam in India (UP PCS(J), RJS, MPCJ, CG PCS(J), DJS, BJS, APO, ADPO, JLO, APP etc.)